Second Day

छत्तीसगढ़ को हरा क्वार्टर फाइनल में पहुंचा प्रदेश वि.वि.

शिमला : संजौली महाविद्यालय में चल रही अंतर विश्वविद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेलतीं प्रतिभागी। (नरेश)

शिमला, 22 नवम्बर (वंदना): सैंटर ऑफ एक्सीलैंस संजौली कालेज में आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी महिला कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन 18 मैच हुए। वीरवार को प्रतियोगिता के पहले लीग मुकाबले में पूल ए से एच.पी.यू. ने हेमचंद यादव वि.वि. छत्तीसगढ़ को 26-15 अंकों से हराया। इसके बाद दूसरे मुकाबले में एच.पी.यू. ने मदुरई कामराज वि.वि. को 57-19 अंकों से करारी शिकस्त दी। एच.पी.यू. ने पूल ए से शुक्रवार को होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में प्रवेश कर लिया है। इसके अलावा पूल ए सावित्री बाई फूले वि.वि. पुणे ने भी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली है। इसके अलावा पूल बी से पहला मुकाबला मेंगलौर वि.वि. व कुरुक्षेत्र वि.वि. के बीच हुआ, इसमें कुरुक्षेत्र ने 35-14 अंकों से मैच पर कब्जा किया। इसके अलावा दूसरे मुकाबले में उत्कल वि.वि. उड़ीसा व भारती वि.वि. पुणे के बीच खेला गया, इसमें भारती वि.वि. ने 28-16 अंकों से मैच पर कब्जा किया। शुक्रवार को प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल पूल सी से एम.डी.यू. रोहतक, मुम्बई वि.वि. तथा पूल डी से महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी 5 अंकों के साथ मैदान में उतरेगी, जबकि पंजाब यूनिवर्सिटी 4 अंकों के साथ क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उतरेगी। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का समापन 24 को होगा।

पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 23 November 2018
betapunjabkesari.epapr.in/c/34238292

कबड्डी में सभी मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में एचपीयू

संजौली कॉलेज में आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी प्रतियोगिता

शिमला के संजौली कॉलेज में कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान रेड डालती खिलाड़ी। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला। संजौली कॉलेज में चल रही आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला कबड्डी चैंपियनशिप के दूसरे दिन 18 लीग मुकाबले हुए। पूल ए से छह-छह अंक लेकर मेजबान हिमाचल विश्वविद्यालय, पूल बी से कुरुक्षेत्र विवि और पूल सी से एमडीयू रोहतक यूनिवर्सिटी ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

अन्य टीमों में पूल ए से सावित्री बाई फूले यूनिवर्सिटी पुणे तीन अंक, पूल बी से मंगलौर यूनिवर्सिटी 4 अंक, पूल सी से मुंबई यूनिवर्सिटी चार, पूल डी से पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला चार और महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी वाराणसी की टीम पांच अंक लेकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची। दूसरे दिन राज्यपाल आचार्य देवव्रत के मुख्य सलाहकार शशिकांत शर्मा मुख्यातिथि थे।

दूसरे दिन ये टीमें जीतीं

आयोजन समिति के चेयरमैन एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ. सीबी मेहता, सचिव रमेश चौहान और कोच गोपाल दास्टा ने बताया कि दूसरे दिन एचपीयू ने हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ को 26-15 से हराया। सावित्री बाई यूनिवर्सिटी पुणे और मदुरै कामराज यूनिवर्सिटी का स्कोर 28-28 पर बराबर रहा। एचपीयू की टीम ने मदुरै यूनिवर्सिटी को 57-19 से हराया। सवित्री बाई यूनिवर्सिटी पुणे ने हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ को 69-9, पूल सी में तमिलनाडु फिजिकल एजूकेशन एवं खेल यूनिवर्सिटी ने ललित नारायण महिला यूनिवर्सिटी दरभंगा (बिहार) को 34-33, मुंबई ने तमिलनाडु खेल यूनिवर्सिटी को 35-20, एमडीयू रोहतक ने ललित नारायण महिला यूनिवर्सिटी दरभंगा को 70-14, मुंबई ने ललित नारायण यूनिवर्सिटी बिहार को 50-23, एमडीयू रोहतक ने तमिलनाडु यूनिवर्सिटी को 49-9 से हराया। पूल बी में मंगलौर यूनिवर्सिटी को कुरुक्षेत्र विवि की टीम ने 35-14, उत्कल यूनिवर्सिटी ओडिशा को भारती विवि पूणे ने 28-16, मंगलौर विवि ने भारती यूनिवर्सिटी को 38-12, उत्कल यूनिवर्सिटी ओडिशा को कुरुक्षेत्र विवि ने 47-13 से पछाड़ा। पूल डी में पंजाबी विवि पटियाला ने एसएनडीटी यूनिवर्सिटी मुंबई को 34-22, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने एसएनडीटी यूनिवर्सिटी मुंबई को 45-15 से हराया। पंजाबी विवि पटियाला ने केरल यूनिवर्सिटी को 28-15, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी ने पंजाबी विवि पटियाला को 43-13, यूनिवर्सिटी ऑफ केरल ने एसएनडीटी मुंबई को 27-20 से हराया।

page no. 11 amar ujala 23.11.2018